AusNet

# अपने इलेक्ट्रिक हीटर को चालू करने में कितना शुल्क आता है?

**बिल के झटके से बचें। केवल तीन कदमों में अपने प्रतिघंटा हीटिंग शुल्क की गणना करें।**


आपके रिटेलर के साथ आपकी ऊर्जा योजना के आधार पर यूसेज रेट्स अलग-अलग होती हैं। यह मार्गदर्शिका आपके हीटिंग के उपयोग शुल्क की गणना करती है और इसमें दैनिक आपूर्ति शुल्क शामिल नहीं है, जो आपकी संपत्ति में बिजली की आपूर्ति के लिए नियत प्रतिदिन शुल्क होता है।

## कदम 1 अपनी रेट्स देखें

अपने 'Anytime' या 'Single Rate' उपयोग के लिए देखें। यदि आपकी रेट्स आपके बिजली के उपयोग के समय पर आधारित हैं, तो इसके बजाय 'Peak' और 'Off-Peak' उपयोग दिया गया हो सकता है। यदि आपके लिए 'Peak' या 'Off-Peak' रेट्स मौजूद हैं, तो  उस समय से मेल खाने वाली रेट का उपयोग करें जब आप आमतौर पर अपने घर को गर्म करते/ती हैं। यूसेज रेट्स सेंट में प्रदर्शित की जाती हैं।

**उदाहरण:** इस बिल में यूसेज रेट 22 सेंट प्रति किलोवॉट घंटा है।

उदाहरण:





## कदम 2 अपने हीटर की ऊर्जा खपत पता करें

अपने हीटर पर लेबल ढूंढें, जिसमें ऊर्जा खपत और मॉडल नंबर के विवरण दिखाए गए हों। अपने हीटर की वॉट (W) संख्या पता करें। किलोवॉट (kW) संख्या प्राप्त करने के लिए वॉट (W) संख्या को 1,000 से विभाजित करें।

**उदाहरण:** छोटा हीटर 1,000 W का है। 1000W को 1000 से विभाजित करें = 1kW। बड़े फैन हीटर में 1800-2000 W इस्तेमाल होते हैं, इसलिए यह 1.8-2kW के बीच उपयोग करता है।

उदाहरण:




## कदम 3 गणना करें

अपने बिल से प्राप्त यूसेज रेट संख्या को अपने हीटर की किलोवॉट (kW) ऊर्जा खपत से गुणा करें

**उदाहरण:** यूसेज रेट 22 सेंट/kWh है और फैन हीटर 2000W तक उपयोग करता है, जो कि 2kW है। 22 सेंट x 2kW = 44 सेंट। इस बिल में दी गई रेट्स के आधार पर, इस हीटर की सबसे ऊँची सेटिंग्स पर इसका शुल्क 44 सेंट प्रतिघंटा है।

उदाहरण:

| $0.22 | x | 2 | = | $0.44 |
|---|---|---|---|---|
| **यूसेज रेट**<br>सेंट प्रति घंटा | | **ऊर्जा खपत दर**<br>किलोवॉट प्रति घंटा (kWh) | | **प्रति घंटा लागत** |

आप अपने घर में किसी भी बिजली के उपकरण के लिए इन गणनाओं का उपयोग कर सकते/ती हैं। प्रति घंटा लागत पता होने से आप हीटरों के बीच तुलना कर सकते/ती हैं, सस्ती सेटिंग्स चुन सकते/ती हैं और अपने ऊर्जा के उपयोग को नियंत्रित कर सकते/ती हैं। गर्माहट के साथ रहें और अपने खर्चे पर नियंत्रण रखें।

**ausnet.com.au/gas-hindi पर और अधिक जानकारी प्राप्त करें।**